रोहन को क्या पता होता तो उसके साथ ऐसा नहीं होता

अपने बच्चों को यौन शोषण से बचाएं और उन्हें ये जरुर बताएं-

शरीर: बच्चों को बताएं कि वे अपने शरीर के खुद ही मालिक हैं, उनकी अनुमति के बिना किसी को भी उन्हें छुने या चोट पहुंचाने का कोई अधिकार नहीं है।

गले लगना: जब कोई असहजता महसूस होने के बाद भी गले लगे या कहीं चुंबन दे और इस बात को छुपाने के लिए कहे, तो इस बात को तुरंत उस व्यक्ति को बताएं, जिस पर आप विश्वास करते हैं।

उपहार देना: जब कोई पैसे, चॉकलेट या उपहार जैसी कोई भी वस्तु देने के बाद कुछ ऐसा कार्य करता है जिससे असहजता, असमंजस या असुरक्षित महसूस होता है, तो उसे इनकार करें और उसका कोई भी उपहार न लें।

रोहन व उसके जैसे अन्य बच्चों की सहायता के लिए आगे आएं

यौन शोषण से संबंधित शिकायत मिलते ही तुरंत संपर्क करें-

- चाइल्ड लाइन: 1098
- पुलिस: 100

Draft

बच्चों के आकस्मिक व्यवहार बदलाव को समझें

बच्चे को यौन शोषण से बचाएं, उन्हें उनका हक बताएं!

unicef | for every child

रोहन की खामोशी

रोहन की उम्र 12 साल है, पिछले साल उसके पिता की मृत्यु हो गई जिसके कारण वह अपने दादा जी और अपनी चाची के पास पढ़ाई करने के लिए चला गया। उसकी चाची उसे बहुत प्यार करती थी। वह हर रोज चॉकलेट, आइसक्रीम, खिलौने आदि लाया करती थी। ये सब रोहन को बहुत अच्छा लगता था और वह इन सबसे काफी खुश भी होता था। एक दिन रोहन के दादा जी काम से कहीं बाहर चले गए, जब वापस आए तो उन्होंने अचानक रोहन के व्यवहार में कई सारे परिवर्तन देखे। रोहन डरा-डरा सा रहने लगा, वह बातचीत भी कम करने लगा था और बेवजह रोता रहता था। अचानक रोहन के व्यवहार में आए इस परिवर्तन को उसके दादा जी समझ नहीं पा रहे थे। एक दिन रोहन के दादा जी ने उसे अकेले में बुला कर बात करना चाहा और उससे इस परिवर्तन के बारे में जानना चाहा। परन्तु लाख पूछने के बावजूद रोहन कुछ भी बताने के लिए तैयार नहीं हुआ। अंत में दादा जी के ये कहने पर कि ये बात वह किसी को नहीं बताएंगे, यह सुनकर रोहन को थोड़ी हिम्मत आई। उसने रोते-रोते दादा जी से सारी सच्चाई बताई। रोहन ने बताया कि चाची उसे अकेले में अश्लील तस्वीरें दिखाया करती है और उसके जांघों के बीच में व पेट के नीचे छूती रहती हैं, जो उसे बिल्कुल अच्छा नहीं लगता और इसका विरोध करने पर वे उसे धमकी देती है। रोहन की इन बातों को सुन दादा जी हक्के-बक्के से रह जाते हैं। दादा जी रोहन को समझाते हैं और चाची के खिलाफ चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 पर शिकायत कर देते हैं तथा रोहन को हौसला देते हुए बताते हैं कि चाची को इसकी सजा अवश्य मिलेगी। वह रोहन को हिदायत देते हुए कहते हैं कि इसके बाद कभी भी उसके या दोस्तों के साथ ऐसा वाकया हुआ तो वह 1098 पर फोन कर सकता है।

यौन शोषण क्या है?

जब कोई भी बिना किसी अस्वीकृति यौन निर्धारित व्यवहार (प्रत्यक्ष या दबाव) शारीरिक संपर्क या प्रस्ताव, यौन अनुग्रह की मांग या प्रार्थना, अश्लील टिप्पणी, मौखिक या गैर मौखिक आचरण आदि करने की कोशिश करता है, जिससे बच्चा आहत होता है या स्वीकार नहीं करता, उसे यौन शोषण कहा जा सकता है।

रोहन जैसे यौन शोषण के शिकार और भी बच्चे-

भारत: हमारे देश में 53 प्रतिशत से भी ज्यादा बच्चे यौन शोषण के शिकार होते हैं।



यौन शोषण के आंकड़े